Online Test Generator
(Only For Teachers)

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित

# व्याकरण वैभव

## हिंदी व्याकरण एवं रचना

3




हेल्प लाइन

Scanned with CamScanner




# 1 भाषा
## (Language)

देखिए, पढ़िए और समझिए–




बोलकर




लिखकर


पहले चित्र में, अध्यापक जी **बोलकर** बच्चों को समझा रहे हैं। बच्चे उनकी बात **सुनकर** समझ रहे हैं।

दूसरे चित्र में, अध्यापक जी **लिखकर** बच्चों को वही बात समझा रहे हैं। बच्चे उसे **पढ़कर** समझ रहे हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि हम अपनी बात बोलकर या लिखकर दूसरों तक पहुँचाते हैं और दूसरे उसे सुनकर या पढ़कर समझते हैं।

वह साधन जिसके द्वारा हम अपनी बात एक-दूसरे तक पहुँचाते हैं, उसे **भाषा** कहते हैं।

### भाषा के रूप






Scanned with CamScanner

**1. मौखिक भाषा–** जब हम अपने मन की बात **बोलकर** दूसरों को बताते हैं और दूसरे उसे **सुनकर** समझते हैं तो उसे मौखिक भाषा कहते हैं। चित्र-1 में रोहन अपने मन की बात कविता के माध्यम से बोलकर श्रोताओं तक पहुँचा रहा है और श्रोता उसे सुनकर समझ रहे हैं।

मेरा तोता रोज़ सवेरे,
बोल-बोलकर मुझे जगाता।
खाकर मीठे-मीठे मेवे,
मीठे-मीठे बोल सुनाता ।
यही बोलना सुनना तो भई,
मौखिक भाषा है कहलाता।



चित्र-1

**2. लिखित भाषा–** जब हम अपने मन की बात **लिखकर** दूसरों को बताते हैं और दूसरे उसे **पढ़कर** समझते हैं तो उसे लिखित भाषा कहते हैं। चित्र-2 में दो स्कूलों की बसें खड़ी हैं। दोनों बसों पर स्कूलों के नाम लिखकर बताया गया है कि कौन-सी बस किस स्कूल की है। बच्चे स्कूल के नामों को पढ़कर-समझकर अपनी-अपनी बसों में चढ़ रहे हैं।




चित्र-2



Scanned with CamScanner

## हम एक—भाषाएँ अनेक

संसार में अनेक भाषाएँ बोली और लिखी जाती हैं लेकिन संसार में सबसे अधिक बोली और लिखी जाने वाली भाषा अंग्रेज़ी है। इसी तरह से भारत में भी अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं। जैसे–

पंजाबी



पंजाब

मराठी



महाराष्ट्र

गुजराती



गुजरात

तमिल



तमिलनाडु

राजस्थानी



राजस्थान

बांग्ला



पश्चिमी बंगाल

मलयालम



केरल

असमिया



असम

हिंदी



उत्तर प्रदेश

हमारे देश में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा **हिंदी** हैं।

प्रतिवर्ष 14 सितंबर को **हिंदी दिवस** मनाया जाता है क्योंकि इस दिन हिंदी को **राजभाषा** के रूप में सन् 1949 में स्वीकार किया गया था।

## लिपि

हर भाषा अलग-अलग तरीके से लिखी जाती है। भाषा को लिखने के लिए कुछ चिह्नों का प्रयोग होता है। उन चिह्नों को **लिपि** कहते हैं। हिंदी भाषा की लिपि **देवनागरी** है। कुछ अन्य भाषाओं की लिपियाँ इस प्रकार हैं–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अंग्रेज़ी | : | रोमन | पंजाबी | : | गुरुमुखी |
| उर्दू | : | फ़ारसी | संस्कृत, मराठी | : | देवनागरी |



Scanned with CamScanner

## जानने की बारी

- वह साधन जिसके द्वारा हम अपनी बात एक-दूसरे तक पहुँचाते हैं, उसे भाषा कहते हैं।
- भाषा के दो रूप होते हैं– 1. मौखिक भाषा 2. लिखित भाषा
- जब हम बोलकर अपने मन की बात दूसरों को बताते हैं और दूसरे उसे सुनकर समझते हैं तो उसे मौखिक भाषा कहते हैं।
- जब हम लिखकर अपने मन की बात दूसरों को बताते हैं और दूसरे उसे पढ़कर समझते हैं तो उसे लिखित भाषा कहते हैं।
- हिंदी हमारी राजभाषा है। हिंदी की लिपि का नाम देवनागरी है।

## करने की बारी

Worksheet–1

1. सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–

(क) भाषा के कितने रूप हैं?

दो ◯ चार ◯ पाँच ◯

(ख) हमारे देश में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा कौन-सी है?

उर्दू ◯ हिंदी ◯ अंग्रेज़ी ◯

(ग) 'हिंदी दिवस' कब मनाया जाता है?

5 मई ◯ 6 जून ◯ 14 सितंबर ◯

2. सही कथन पर सही ( ✓ ) तथा गलत कथन पर गलत ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–

(क) भारत के सभी लोग एक ही भाषा बोलते हैं। ◯

(ख) भाषा के दो रूप होते हैं। ◯

(ग) भाषा लिखने का साधन है। ◯

(घ) अखबार लिखित भाषा का रूप है। ◯

(ङ) बंगाल में पंजाबी बोली जाती है। ◯

3. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) मौखिक भाषा किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________



Scanned with CamScanner

(ख) लिखित भाषा किसे कहते हैं?

(ग) हिंदी को छोड़कर किन्हीं चार भाषाओं के नाम लिखिए–

1. ______ 3. ______

2. ______ 4. ______

## आओ सीखें खेल-खेल में

रचनात्मक कार्य

**1. भाषाओं और लिपियों के नाम लिखकर शब्द सीढ़ी पूरी कीजिए–**


संकेत–

**बाएँ से दाएँ →**

1. सबसे पुरानी भाषा
3. केरल की भाषा
5. गुजरात की भाषा

**ऊपर से नीचे ↓**

2. तमिलनाडु की भाषा
4. महाराष्ट्र की भाषा
6. अंग्रेज़ी भाषा की लिपि




**2. गांधी जी के ये बंदर हमें संकेत से कुछ बता रहे हैं। लिखकर बताइए कि ये हमें क्या संदेश दे रहे हैं।**





Scanned with CamScanner



# 2 वर्णमाला (Alphabet)

बच्चो! जब हम मुँह से कुछ बोलते हैं तो तरह-तरह की ध्वनियाँ निकलती हैं।
नीचे दिए गए शब्दों को पढ़िए–



सेब



कार



हिरन

आइए देखते हैं, इन शब्दों को बोलने पर कौन-कौन-सी ध्वनियाँ निकलती हैं–

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेब | – | स् + ए + ब् + अ | (चार ध्वनियाँ) |
| कार | – | क् + आ + र् + अ | (चार ध्वनियाँ) |
| हिरन | – | ह् + इ + र् + अ + न् + अ | (छह ध्वनियाँ) |

शब्दों को तोड़कर जिन ध्वनियों को प्राप्त किया गया है, उन्हें और नहीं तोड़ा जा सकता।

जिस ध्वनि के और अधिक टुकड़े नहीं किए जा सकते, उसे **वर्ण** या **अक्षर** कहते हैं।

वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है।

### वर्णों के प्रकार

वर्ण दो प्रकार के होते हैं– 1. स्वर 2. व्यंजन

**1. स्वर–** जिन वर्णों के उच्चारण में किसी दूसरे वर्ण की सहायता नहीं लेनी पड़ती है और जिनका प्रयोग मात्रा के रूप में भी किया जाता है, उन्हें **स्वर** कहते हैं। हिंदी में कुल ग्यारह स्वर हैं।

**स्वर**

अ आ इ ई उ ऊ

ऋ ए ऐ ओ औ



V-3

**2. व्यंजन–** जिन वर्णों के उच्चारण में स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है, उन्हें **व्यंजन** कहते हैं। हिंदी में कुल तैंतीस व्यंजन हैं।

## व्यंजन

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |
| य | र | ल | व | |
| श | ष | स | ह | |



सभी स्वर और व्यंजन एक विशेष क्रम में लिखे गए हैं। सही क्रम में लिखे गए वर्णों के समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।

### यह भी जानें–

* स्वर के बिना व्यंजन हलंत ( ् ) लगाकर लिखे जाते हैं। जैसे–
  क – अ = क्          ख – अ = ख्
* स्वर और व्यंजनों के अतिरिक्त भी कुछ वर्ण होते हैं–
  अं – अनुस्वार          अँ – अनुनासिक          अः – विसर्ग
* **संयुक्त व्यंजन–** क्ष, त्र, ज्ञ, श्र (इनमें एक से अधिक वर्ण होते हैं।)
  **क्ष** – क् + ष् + अ          **ज्ञ** – ज् + ञ् + अ
  **त्र** – त् + र् + अ          **श्र** – श् + र् + अ
* **आगत वर्ण–** ऑ   ज़   फ़

## जानने की बारी

- जिस ध्वनि के और अधिक टुकड़े नहीं हो सकते, उसे वर्ण कहते हैं।
- वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है।
- वर्ण दो प्रकार के होते हैं– स्वर और व्यंजन।

## करने की बारी

**Worksheet-2**

1. सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–

(क) हिंदी में कुल कितने स्वर हैं?

दस ○ ग्यारह ○ तेरह ○

(ख) इनमें से स्वर कौन-से हैं?

क ख ग ○ अ आ इ ○ त थ ध ○

(ग) इनमें से संयुक्त व्यंजन कौन-से हैं?

श ष स ○ प फ ब ○ क्ष त्र ज्ञ ○

2. वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए–

(क) त् + ओ + त् + आ = तोता

(ख) च् + ऊ + ह् + आ = ________

(ग) क् + इ + त् + आ + ब् + अ = ________

(घ) स + अं + त् + अ + र् + आ = ________

(ङ) क् + ओ + य् + अ + ल् + अ = ________



3. नीचे दिए गए संयुक्त व्यंजनों को पढ़िए और चित्रों के नाम लिखिए–

क्ष



क्षत्रिय

त्र




________

ज्ञ



________

श्र



________




Scanned with CamScanner

4. नीचे दिए गए शब्दों में से अनुस्वार वाले शब्द छाँटकर पीले लिफ़ाफ़े में और अनुनासिक वाले शब्द छाँटकर नीले लिफ़ाफ़े में लिखिए–

चाँद, हंस, दाँत, शंख, साँस, मंजन





5. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) वर्ण किसे कहते हैं?

______________________________

(ख) वर्ण कितने प्रकार के होते हैं?

______________________________

(ग) स्वर और व्यंजन में अंतर लिखिए।

______________________________

## आओ सीखें खेल–खेल में

रचनात्मक कार्य

1. आपके नाम का पहला वर्ण क्या है? उसी वर्ण से बने हुए तीन नाम लिखिए–

________ = ________ ________ ________

2. चित्रों के नाम का पहला वर्ण लिखिए। उन्हें जोड़कर शब्द बनाइए–

(क)  क  म  ल = कमल

(ख)    = ________

# 3 मात्राएँ
## (Vowel Symbols)

स्वर जब व्यंजन के साथ जुड़ते हैं, तो उनका रूप बदल जाता है। स्वरों का बदला हुआ रूप मात्रा कहलाता है।

प्रत्येक स्वर का निश्चित चिह्न होता है जो **मात्रा** कहलाता है।

'अ' को छोड़कर सभी स्वरों की मात्राएँ होती हैं। 'अ' की कोई मात्रा नहीं होती। यह सभी व्यंजनों में मिला होता है।

### स्वरों की मात्राएँ

| स्वर | मात्रा | व्यंजन और स्वर का मिलान | शब्द |
|---|---|---|---|
| अ | कोई मात्रा नहीं | म् + अ → म | महल |
| आ | ा | म् + आ → मा | मामा |
| इ | ि | म् + इ → मि | मिठाई |
| ई | ी | म् + ई → मी | मील |
| उ | ु | म् + उ → मु | मुकुट |
| ऊ | ू | म् + ऊ → मू | मूली |
| ऋ | ृ | म् + ऋ → मृ | मृग |
| ए | े | म् + ए → मे | मेला |
| ऐ | ै | म् + ऐ → मै | मैल |
| ओ | ो | म् + ओ → मो | मोर |
| औ | ौ | म् + औ → मौ | मौन |

**याद रखें–**

- 'उ' और 'ऊ' जब र् से मिलते हैं, तो वे निम्नलिखित रूप में जुड़ जाते हैं। जैसे–
  र् + उ ( ु ) = रु   रुचि   रुपया   रुस्तम
  र् + ऊ ( ू ) = रू   रूखा   रूप   रूमाल
- अनुस्वार ( ं ) और चंद्रबिंदु ( ँ ) वर्ण के सिर पर लगाए जाते हैं। जैसे–
  चंदन पाँच घंटियाँ बजा रहा है।
- विसर्ग वर्ण के बाद में लगता है। जिसका उच्चारण अह् की तरह होता है। जैसे–
  प्रातः स्वतः उठा करो।



Scanned with CamScanner

## जानने की बारी

- प्रत्येक स्वर का निश्चित चिह्न होता है, जो मात्रा कहलाता है।
- 'अ' की कोई मात्रा नहीं होती है। यह सभी व्यंजनों में मिला होता है।

## करने की बारी

**Worksheet-3**

**1. सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

(क) बिना मात्रा वाला शब्द कौन-सा है?

महक ○ मोहक ○ मेरठ ○

(ख) 'ए' की मात्रा वाला शब्द कौन-सा है?

मैना ○ मेला ○ मौन ○

(ग) किस शब्द में 'उ' की मात्रा सही लगी है?

रुपया ○ रुपया ○ रूपया ○

**2. सही वर्ण पर मात्रा लगाइए–**



तरबज



गलाब



मछल



मना



कताब



सनिक

**3. मात्रा वाले दो-दो शब्द लिखिए–**

(क) इ किरन ________ ________

(ख) ए पेड़ ________ ________

(ग) ओ मोर ________ ________



Scanned with CamScanner

(घ) ऊ फूल ________ ________

(ङ) आ मान ________ ________

4. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) मात्रा किसे कहते हैं?

______________________________________________

______________________________________________

(ख) किस स्वर की कोई मात्रा नहीं होती है?

______________________________________________

## आओ सीखें खेल-खेल में

रचनात्मक कार्य

1. चित्रों का पहला अक्षर लिखकर शब्द बनाइए–

(क)  + ो +  +  = बोतल

(ख)  + ो +  + ी = ________

(ग)  + ा +  +  = ________

(घ)  + ण + ` +  = ________

2. नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं। उनमें लगी मात्राओं का वर्ण लिखिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| केमरा | — | किताब | — | काल | — |
| कोना | — | कृषक | — | कील | — |
| केवल | — | कोना | — | कूद | — |